जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रं0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/ 2014/1425 दिनांक : 01.09.2014

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
माधव महाविद्यालय,चंदेरी
सम्बद्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

विषयः **स्नातक एवं स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमे0 परीक्षा जून, 2014, के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक,प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक विलंब से विश्वविद्यालय में जमा करने बावत.**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमे0 परीक्षा जून, 2014 , के अंक विश्वविद्यालय में अति विलंब से जमा कराये गये है, जिससे परिणाम घोषित करने में अति विलंब हो रहा है, एवं छात्र–छात्राओं को अनावश्यक परेशानी होती है. जबकि उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार उक्त परीक्षाओं का परिणाम शीघ्रतिशीघ्र घोषित किया जाना है. ज्ञातव्य रहे कि आपको इस संबंध में पूर्व में भी ऑनलाईन पत्रों द्वारा कई बार सूचित किया गया था.

अतः, भविष्य में आपको निर्देशित किया जाता है की आप उक्त परीक्षाओं के आंतरिक एवं प्रोजेक्ट, प्रायोगिक परीक्षा के समस्त उपरोक्त ऑनलाईन अपडेट अंक (Foil / Count Foil.) नियत समयसीमा में विश्वविद्यालय में जमा कराये. यदि नियत समय सीमा में अंक जमा नही कराये जाते है, तो संबंधित महाविघालय, का परीक्षा परिणाम रोक दिया जायेगा एवं उसके बाद उक्त समस्त अंक ग्रहण नही किये जायेगें.

आपका सहयोग अपेक्षित है.

(हस्ताक्षर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1.कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर.
2.कुलसचिव के निजी सहायक,जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर.
3.आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,म0प्र0शासन,भोपाल

(हस्ताक्षर)
उप–कुलसचिव
(गोपनीय)